स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चौक-चौराहे पर स्थापित महापुरुषों के प्रतिमाओं की हो रही है साफ-सफाई

भिलाईनगर / स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम , भिलाई क्षेत्रांतर्गत चौक चौराहे में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमाओं की सफाई कराई जा रही है! नेहरू नगर चौक , वार्ड क्रमांक 23 पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, वार्ड 27 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 19 जवाहर चौक, वार्ड 14, वार्ड 24 शारदापारा का◌ॅलोनी, पावर हाउस चौक, वार्ड 22 जलेबी चौक, वार्ड 24 शारदा पारा मिलन चौक, वार्ड 21 भगत सिंह चौक, वार्ड क्रमांक 3 नेहरू नगर चौक, प्रियदर्शनी परिसर स्थित चौक सहित निगम क्षेत्र के अन्य स्थानों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कराई गई है। भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि निगम आयुक्त के निर्देशानुसार भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई कराई जा रही है। निगम का अमला गुरुवार , शुक्रवार एवं आज सुबह से निगम परिसर की साफ-सफाई करने में जुटे रहे , परिसर की साफ-सफाई विगत कई दिनों से की जा रही है! कोरोना काल को मद्देनजर रखते हुए मास्क की अनिवार्यता का पालन करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्य कार्यालय में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। निगम मुख्यालय भवन को रंगीन झालरों से सजाया गया है। 15 अगस्त को सुबह 8:00 बजे ध्वजहारोहण किया जाएगा। इस दौरान कोरोना वायरस से बचाव हेतु शासन के निर्देशों के पालन करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं निगम के जोन कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा! कोरोना कॉल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 कर्मचारियों का इस दौरान निगम मुख्यालय में सम्मान किया जाएगा!

पुलिस ग्राउंड दुर्ग में भिलाई निगम के 23 कर्मचारियों को किया जाएगा सम्मानित कोरोना वायरस कॉल के दौरान अच्छे कार्य करने वाले भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस ग्राउंड में सम्मानित किया जाएगा! कोविड- 19 महामारी के दौर में अपने जोन में नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने टीम भावना से कार्य करने के लिए तत्कालीन जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि , जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह एवं अमिताभ शर्मा, चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल अस्पताल कचांदूर में अस्पताल की व्यवस्था एवं टीकाकरण कार्य के लिए स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कोविड-19 के रोकथाम के लिए साफ-सफाई , कंटेनमेंट जोन एवं सैनिटाइजर कार्य के लिए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीके सैमुअल, आर. पी. तिवारी, महेश पांडे एवं यशवंत, चंदूलाल चंद्राकर कचांदूर में अतिसंक्रमण काल में प्रातः कालीन , संध्याकालीन तथा रात्रिकालीन सेवा के लिए हिमांशु देशमुख भवन अधिकारी , विनीता वर्मा सहायक अभियंता , पुरुषोत्तम सिन्हा उप अभियंता, अर्पित बंजारे उप अभियंता, जयंत शर्मा उप अभियंता, नितेश मेश्राम उप अभियंता एवं सिद्धार्थ साहू उप अभियंता, मुक्तिधाम में 24 घंटे सेवा देने वाले कृष्णा देशमुख, संक्रमित व्यक्तियों को अस्पताल

ले जाने एवं मृत व्यक्तियों को प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार हेतु सेवा देने वाले दिनेश वर्मा वाहन चालक, शंभूलाल वाहन चालक एवं बाबा मियां वाहन चालक को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा!